चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक जागरण | 21-12-25 | 4 | 1-5 |


# किसान दिवस पर हकृवि में 42 प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

जागरण संवाददाता • हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 23 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसान सम्मानित होंगे।

कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कृषि और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले इन किसानों में अंबाला के गांव सपादा से हरविंदर सिंह व डुराना से सपना, रेवाड़ी के गांव बुडोली से सत्यवान व झारोदा से निर्मला, भिवानी के मंढाणा से श्याम सुंदर व धनासरी से कृष्णा, फरीदाबाद के गांव ढकोला से रामचन्द व भोपानी से ज्योति, फतेहाबाद के बरसीन से राजेंद्र व कुल्ला से ममता, जींद के सिढानी से जयभगवान व जाजनवाला से बुगली, कुरुक्षेत्र के ऊंटसाल से प्रमोद कुमार व दबखेड़ी से परवेश रानी, महेन्द्रगढ़ के गादड़वास से संजय कुमार व महेन्द्रगढ से शबनम देवी, मंडकौला के बडौली से हरेन्द्र व मीरपुर कौराली से रेनू, पंचकूला के बडियाल से सतपाल सिंह व रायपुर रानी से राखी, पानीपत के गांव निंबरी से कृष्ण कुमार व डाहर से सुषमा, सोनीपत के गांव शहजादपुर से कपिल जमदग्नि व मुकीमपुर से बबीता देवी को सम्मानित किया जाएगा।

यमुनानगर के सुढ़ल से प्रिंस कुमार व कुंजल से राधिका शर्मा, कैथल के डेरा गदला से अंग्रेज


हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय का प्रशासनिक भवन।

सिंह व गांव चुहड़ माजरा से शीतल शर्मा, करनाल के सूभरी से शेर सिंह व औंगद से सविता रानी, सिरसा के गांव भड़ोल्यावाली से जसविंदर सिंह व ओढ़ा से सर्वजीत कौर, हिसार के खेरी बरकी से नरेश कुमार व सदलपुर से अरुणा देवी, रोहतक के गांधरा से राजबीर सिंह व गांव नोनंद से कांता देवी, नूहं के गांव रानिका से मूसे खान व संगेल से नीलम, झज्जर के बीड सुनारवाला से सर्वजीत सिंह धनखड़ व गांव बरानी से सुमन, सायना नेहवाल प्रशिक्षण केन्द्र हिसार से चिड़ौद निवासी प्रदीप कुमार व फतेहाबाद के ढांड से मुकेश कुमार शामिल हैं।

**प्रगतिशील किसानों ने इन क्षेत्रों में किया महत्वपूर्ण कार्य**

इन प्रगतिशील किसानों ने विविध खेती और गन्ने में सब्जियों की अंतरफसल, सब्जी उत्पादक और कृषि सखी की सदस्य, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण, सब्जी उत्पादन, एकीकृत कृषि प्रणाली, फलों और सब्जियों में मूल्य संवर्धन, सिलाई कढ़ाई, जैविक खेती, मुलायम खिलौने बनाने की कला, मल्टी क्रापिंग (गेहूं, आलू, मक्की, प्याज, अजवायन, लहसुन), कटिंग एवं टेलरिंग और मैकरम क्राफ्ट, वस्त्रों की डिजाइनिंग एवं सिलाई करना और टेलरिंग की दुकान चलाना, जैविक सब्जी उत्पादन, कटाई-सिलाई, सब्जी और मसालेदार फसलों की प्राकृतिक खेती, अदरक और हल्दी का प्रसंस्करण, बुटीक केन्द्र और बेरोजगार युवाओं के लिए प्रशिक्षण सुविधा, सरसों गन्ना अंतर फसल, प्राकृतिक खेती एवं उत्पाद, संसाधन संरक्षण, बेकरी एवं बेकरी उत्पाद, सरस धारा एफपीओ (दुग्ध एंव दुग्ध उत्पाद), सब्जी उत्पादन (संरक्षित खेती), सब्जी उत्पादन (प्राकृतिक खेती), खुंभ उत्पादन, स्वयं सहायता समूह, फल और सब्जी संरक्षण और प्रसंस्करण, डेयरी और पशुपालन, एकीकृत फसल प्रणाली, वर्मी कम्पोस्ट, खेती में विविधीकरण, कटिंग टेलरिंग, फल प्रसंस्करण विशेष रूप से अंजीर आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 21.12.25 | 2 | 1-4 |


किसान दिवस

पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह की जयंती पर एचएयू में 23 दिसंबर को होगा आयोजन

# कृषि नवाचारों के लिए 42 किसान होंगे सम्मानित

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) में 23 दिसंबर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान कृषि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम का उद्देश्य किसानों को नई तकनीकों, नवाचारों और टिकाऊ खेती के लिए प्रोत्साहित करना है।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर काम्बोज ने बताया कि सम्मानित किसानों में अंबाला, रेवाड़ी, भिवानी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, जींद, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, कैथल, करनाल, सिरसा, हिसार, रोहतक, नूंह, झज्जर सहित विभिन्न जिलों के किसान शामिल हैं। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इन प्रगतिशील किसानों ने विविध खेती, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण, सब्जी उत्पादन, गन्ने में अंतरफसल, एकीकृत कृषि प्रणाली तथा फलों व सब्जियों में मूल्य संवर्धन जैसे क्षेत्रों में सराहनीय कार्य किया है।

## इन किसानों को किया जाएगा सम्मानित

- **हिसार** : गांव खेड़ी बरकी से नरेश कुमार व सदलपुर से अरुणा देवी, सायना नेहवाल प्रशिक्षण केन्द्र हिसार से गांव चिड़ौद निवासी प्रदीप कुमार
- **अंबाला** : गांव सपादा से हरविंदर सिंह व डुराना से सपना
- **रेवाड़ी** : गांव बुडोली से सत्यवान व झारोदा से निर्मला
- **भिवानी** : गांव मंढाणा से श्याम सुंदर व धनासरी से कृष्णा
- **फरीदाबाद** : गांव ढकोला से रामचन्द व भोपानी से ज्योति
- **फतेहाबाद** : गांव बरसीन से राजेंदर व गांव कुल्ला से ममता, ढांड से मुकेश कुमार
- **जींद** : गांव निडानी से जयभगवान व जाजनवाला से बुगली
- **कुरुक्षेत्र** : गांव ऊंटसाल से परमोद कुमार व दबखेड़ी से परवेश रानी
- **महेन्द्रगढ़** : गांव गादड़वास से संजय कुमार व महेन्द्रगढ से शबनम देवी
- **फरीदाबाद** : मण्डकौला के गांव बडौली से हरेन्द्र व मीरपुर कौराली से रेनू
- **पंचकूला** : गांव बडियाल से सतपाल सिंह व रायपुर रानी से राखी
- **पानीपत** : गांव निम्बरी से कृष्ण कुमार व डाहर से सुषमा
- **सोनीपत** : गांव शहजादपुर से कपिल जमदग्नि व मुकीमपुर से बबीता देवी
- **यमुनानगर** : गांव सुढ़ल से प्रिंस कुमार व कुंजल से राधिका शर्मा
- **कैथल** : गांव डेरा गदला से अंग्रेज सिंह व चूहड़ माजरा से शीतल शर्मा
- **करनाल** : गांव सूभरी से शेर सिंह व औंगद से सविता रानी
- **सिरसा** : गांव भड़ोल्यावाली से जसविंदर सिंह व ओढ़ा से सर्वजीत कौर
- **रोहतक** : गांव गांधरा से राजबीर सिंह व नौनंद से कांता देवी
- **नूहं** : गांव रानिका से मूसे खान व संगेल से नीलम
- **झज्जर** : गांव बीड सुनारवाला से सर्वजीत सिंह धनखड़ व बरानी से सुमन

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय,
हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 21.12.25 | 2 | 5 |

# चौ. चरण सिंह जयंती पर हकृवि में 23 को मनाया जाएगा किसान दिवस

हिसार, 20 दिसम्बर (ब्यूरो): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 23 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 123 वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कृषि और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है, जिन्हें किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा।

उन्होंने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले इन किसानों में हिसार के गांव खेरी बरकी से नरेश कुमार व गांव सदलपुर से अरुणा देवी शामिल है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सच कहूं | 21.12.2025 | -- | -- |

### चौ. चरण सिंह जयंती पर हकृवि में किसान दिवस

# 23 को 42 प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित




**हिसार (सच कहूँ/मुकेश)।** देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह की 123वीं जयंती के अवसर पर चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (हकृवि), हिसार में 23 दिसंबर को किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा। इस अवसर पर कृषि एवं उससे जुड़े विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य करने वाले प्रदेशभर के 42 प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया जाएगा।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने बताया कि प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है, जिन्होंने खेती को नवाचार, विविधीकरण और आधुनिक तकनीकों से नई दिशा दी है। सम्मानित होने वाले किसानों में अंबाला, भिवानी, फरीदाबाद, फतेहाबाद, जींद, कुरुक्षेत्र, महेंद्रगढ़, पंचकूला, पानीपत, सोनीपत, यमुनानगर, कैथल, करनाल, सरसा, हिसार, रोहतक, नूंह, झज्जर सहित अन्य जिलों के किसान शामिल हैं। विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इन किसानों ने प्राकृतिक खेती, फसल विविधीकरण, सब्जी व फल उत्पादन, मूल्य संवर्धन, जैविक खेती, डेयरी एवं पशुपालन, वर्मी कम्पोस्ट, स्वयं सहायता समूह, खाद्य प्रसंस्करण, बेकरी, एफपीओ, हस्तशिल्प, सिलाई-कढ़ाई और ग्रामीण उद्यमिता जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान दिया है। इनके कार्य अन्य किसानों के लिए प्रेरणास्त्रोत बने हैं।

| | |
|---|---|
| | चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय |

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरियाणा मेल | 20.12.2025 | -- | -- |

# 23 दिसंबर को मनाया जाएगा किसान दिवस

**महेंद्र गोयल, हरियाणा मेल**

हिसार। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 23 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।




## प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित

कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कृषि और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले इन किसानों में अंबाला के गांव सपादा से हरविंदर सिंह व डुराना से सपना, रेवाड़ी के गांव बुडोली से सत्यवान व झारोदा से निर्मला, भिवानी के गांव मंढाणा से श्याम सुंदर व धनासरी से कृष्णा, फरीदाबाद के गांव ढकोला से रामचन्द व गांव भोपानी से ज्योति, फतेहाबाद के गांव बरसीन से राजेंदर व गांव कुल्ला से ममता, जींद के गांव निडानी से जयभगवान व गांव जाजनवाला से बुगली, कुरुक्षेत्र के गांव ऊंटसाल से परमोद कुमार व गांव दबखेड़ी से परवेश रानी, महेन्द्रगढ़ के गांव गादड़वास से संजय कुमार व महेन्द्रगढ़ से शबनम देवी, मण्डकौला के गांव बडौली से हरेन्द्र व गांव मीरपुर कौराली से रेनू, पंचकूला के गांव बडियाल से सतपाल सिंह व गांव रायपुर रानी से राखी, पानीपत के गांव निम्बरी से कृष्ण कुमार व गांव डाहर से सुषमा, सोनीपत के गांव शहजादपुर से कपिल जमदग्नि व गांव मुकीमपुर से बबीता देवी, यमुनानगर के गांव सुढल से प्रिंस कुमार व गांव कुंजल से राधिका शर्मा, कैथल के गांव डेरा गदला से अंग्रेज सिंह व गांव चुहड़ माजरा से शीतल शर्मा, करनाल के गांव सुभरी से शेर सिंह व गांव औंगद से सविता रानी, सिरसा के गांव भड़ोल्यावाली से जसविंदर सिंह व गांव ओढ़ा से सर्वजीत कौर, हिसार के गांव खेरी बरकी से नरेश कुमार व गांव सदलपुर से अरुणा देवी, रोहतक के गांव गांधरा से राजबीर सिंह व गांव नोनंद से कान्ता देवी, नूंह के गांव रानिका से मूसे खान व गांव संगेल से नीलम, झज्जर के गांव बीड सुनारवाला से सर्वजीत सिंह धनखड़ व गांव बरानी से सुमन, सायना नेहवाल प्रशिक्षण केन्द्र हिसार से गांव चिड़ौद निवासी प्रदीप कुमार व फतेहाबाद के गांव ढांड से मुकेश कुमार शामिल है।

विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इन प्रगतिशील किसानों ने विविध खेती और गन्ने में सब्जियों की अंतरफसल, सब्जी उत्पादक और कृषि सखी की सदस्य, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण, सब्जी उत्पादन, एकीकृत कृषि प्रणाली, फलों और सब्जियों में मूल्य संवर्धन, सिलाई कढ़ाई, जैविक खेती, मुलायम खिलौने बनाने की कला, मल्टी क्रॉपिंग (गेहूँ, आलू, मक्की, प्याज, अजवायन, लहसुन), कटिंग एवं टेलरिंग और मैकरम क्राफ्ट, वस्त्रों की डिजाइनिंग एवं सिलाई करना और टेलरिंग की दुकान चलाना आदि क्षेत्रों में महत्त्वपूर्ण कार्य किया है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार, लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| चिराग टाइम्स | 20.12.2025 | -- | -- |

# चौ. चरण सिंह जयंती पर हकृवि में 23 दिसंबर को मनाया जाएगा किसान दिवस

## प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित




चिराग टाइम्स न्यूज

हिसार, । चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय में 23 दिसम्बर को देश के पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय चौधरी चरण सिंह जी की 123वीं जयंती के उपलक्ष्य में किसान दिवस का आयोजन किया जाएगा।

प्रत्येक जिले से दो प्रगतिशील किसान होंगे सम्मानित कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दौरान कृषि और उससे संबंधित विभिन्न व्यवसायों व अन्य उत्कृष्ट कार्यों के लिए प्रदेश के 42 प्रगतिशील किसानों का चयन किया गया है जिन्हें किसान दिवस के अवसर पर सम्मानित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि सम्मानित किए जाने वाले इन किसानों में अंबाला के गांव सपाढ़ा से हरविंदर सिंह व दुराना से सपना, रेवाड़ी के गांव जुड़ौली से सत्यवान व झारोदा से निर्मला, भिवानी के गांव मंढाणा से श्याम सुंदर व धनासरी से कृष्णा, फरीदाबाद के गांव दकौरा से रामचन्द्र व गांव धोपानी से ज्योति, फतेहाबाद के गांव करसीन से राजेंदर व गांव कुम्हा से ममता, जींद के गांव निडानी से जयभगवान व गांव जाजनवाला से कुमारी, कुरुक्षेत्र के गांव ऊंटसाल से परमोद कुमार व गांव दबखेड़ी से परवेश रानी, महेन्द्रगढ़ के गांव गादड़वास से संजय कुमार व महेन्द्रगढ़ से शबनम देवी, मण्डकौला के गांव बड़ौली से हरेन्द्र व गांव मीरपुर कौराली से रेनु, पंचकूला के गांव बड़ियाल से सतपाल सिंह व गांव रायपुर रानी से राखी, पानीपत के गांव निम्बरी से कृष्ण कुमार व गांव छाजर से सुषमा, सोनीपत के गांव शहजादपुर से कपिल जमदग्नि व गांव मुकीमपुर से बबीता देवी, यमुनानगर के गांव सुढल से प्रिंस कुमार व गांव कुंजल से राधिका शर्मा, कैथल के गांव डेरा गदला से अजीज सिंह व गांव चुहड़ माजरा से शीतल शर्मा, करनाल के गांव सुभरी से शेर सिंह व गांव औंगद से सविता रानी, सिरसा के गांव भड़ोल्यावाली से जसविंदर सिंह व गांव ओढ़ा से सर्वजीत कौर, हिसार के गांव खेरी बरकी से नरेश कुमार व गांव मदनपुर से अरुणा देवी, रोहतक के गांव सांपला से राजबीर सिंह व गांव नौनंद से कान्ता देवी, नूंह के गांव रानिका से मुसी खान व गांव सरोल से नीलम, झज्जर के गांव बीड़ सुनारवाला से सर्वजीत सिंह धनखड़ व गांव बहानी से सुमन, सायना नेहवाल प्रशिक्षण केन्द्र हिसार से गांव चिड़ौद निवासी प्रदीप कुमार व फतेहाबाद के गांव ढांड से मुकेश कुमार शामिल है। इन क्षेत्रों में किया है महत्वपूर्ण कार्य विस्तार शिक्षा निदेशक डॉ. बलवान सिंह मंडल ने बताया कि इन प्रगतिशील किसानों ने विविध खेती और गन्ने में सब्जियों की अंतरफसल, सब्जी उत्पादक और कृषि सखी की सदस्य, प्राकृतिक खेती, फसल विविधिकरण, सब्जी उत्पादन, एकीकृत कृषि प्रणाली, फलों और सब्जियों में मूल्य संवर्धन, सिलाई कढ़ाई, जैविक खेती, मुलायम खिलौने बनाने की कला, मल्टी क्रॉपिंग (गेहूँ, आलू, मक्की, प्याज, अजवायन, लहसुन), कटिंग एवं टेलरिंग और मैकरम क्राफ्ट, वस्त्रों की डिजाइनिंग एवं सिलाई करना और टेलरिंग की दुकान चलाना, जैविक सब्जी उत्पादन, कढ़ाई सिलाई, सब्जी और मसालेदार फसलों की प्राकृतिक खेती, अदरक और हल्दी का प्रसंस्करण, ब्यूटीक केन्द्र और बेरोजगार युवाओं के लिए प्रशिक्षण सुविधा, सरसों गन्ना अंतर फसल, प्राकृतिक खेती एवं उत्पाद, संसाधन संरक्षण, बेकरी एवं बेकरी उत्पाद, सरस धारा एफपीओ (दुग्ध एवं दुग्ध उत्पाद), सब्जी उत्पादन (संरक्षित खेती), सब्जी उत्पादन (प्राकृतिक खेती), खुम्भ उत्पादन, स्वयं सहायता समूह, फल और सब्जी संरक्षण और प्रसंस्करण, डेयरी और पशुपालन, एकीकृत फसल प्रणाली, वर्मी कम्पोस्ट, खेती में विविधीकरण, कटिंग टेलरिंग, फल प्रसंस्करण विशेष रूप से अंजीर आदि क्षेत्रों में महत्वपूर्ण कार्य किया है।